बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

शुद्धि पत्र

विज्ञापन सं॰ – 02/2017 के अन्तर्गत सहायक अभियंता, असैनिक प्रतियोगिता परीक्षा का अन्तिम परीक्षाफल

दिनांक 17.06.2021 को विज्ञापन सं॰ – 02/2017 के अन्तर्गत सहायक अभियंता, असैनिक प्रतियोगिता परीक्षा का अन्तिम परीक्षाफल प्रकाशित किया गया था। उक्त परीक्षाफल में 03 उम्मीदवारों, अनुक्रमांक – 202068, 204158 एवं 218064 की डिग्री विश्वविद्यालय से निर्गत न होकर संस्थान से निर्गत होने के आलोक में आयोग द्वारा उनकी उम्मीदवारी रद्द की गयी थी। उसमें से एक उम्मीदवार द्वारा आयोग को सूचित किया गया कि उनके सदृश अन्य उम्मीदवार सफल घोषित उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं।

आयोग द्वारा जांचोपरान्त पाया गया कि कुल 08 उम्मीदवार सफल घोषित उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं जिनकी डिग्री विश्वविद्यालय से निर्गत न होकर संस्थान से निर्गत है। वैसे उम्मीदवारों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

क्र॰ सं॰	मेधा क्रमांक	अनुक्रमांक	नाम	वर्तमान स्थिति
1.	288	205739	Chandan Kumar Jha	अनारक्षित कोटि में सफल
2.	91	207097	Ankit Ayush	अनारक्षित कोटि में सफल
3.	166	207159	Kumar Kautilya	अनारक्षित कोटि में सफल
4.	345	208082	Rakesh Kumar Yadav	अनारक्षित कोटि में सफल
5.	713	212115	Rahul Verma	पिछड़ा वर्ग कोटि में सफल
6.	2842	218005	Anju Kumari	अत्यंत पिछड़ा वर्ग महिला कोटि में सफल
7.	1799	222862	Surabhi Shivendra	अनारक्षित महिला कोटि में सफल
8.	354	227899	Md. Akhtar Hussain	अनारक्षित कोटि में सफल

तदालोक में आयोग, उपर्युक्त 08 उम्मीदवारों की उम्मीदवारी एवं अन्तिम परीक्षाफल रद्द करता है।

माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सदृश मामले से सम्बन्धित लम्बित वादों के निष्पादन के पश्चात् अन्तिम परीक्षाफल रद्द होने के कारण हुई 08 रिक्तियों के सम्बन्ध में अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 222062 के मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 24.07.2021 को प्रकाशित किया गया था एवं उनका साक्षात्कार दिनांक 29.07.2021 को सम्पन्न हुआ जिसमें उक्त उम्मीदवार उपस्थित हुए। पूर्व में अन्तिम परीक्षाफल हेतु तैयार की गयी संयुक्त मेधा सूची में कुल 2952 उम्मीदवार शामिल थे। अनुक्रमांक – 222062 को जोड़ने के बाद संयुक्त मेधा सूची में शामिल उम्मीदवारों की कुल संख्या अब 2953 हो गयी है जिसमें उक्त उम्मीदवार संयुक्त मेधा क्रमांक – 2089 पर अवस्थित हैं।

अनुसूचित जाति (02) पुरुष कोटि के अन्तर्गत संयुक्त मेधा क्रमांक – 2023 तक के उम्मीदवारों का अन्तिम चयन हुआ है, फलस्वरूप अनुक्रमांक – 222062 चयन की परिधि से बाहर हैं।

अनुक्रमांक – 222062 को संयुक्त मेधा सूची में शामिल करने के आलोक में पूर्व संयुक्त मेधा सूची के क्र॰सं॰ 2089 से 2952 तक को क्रमशः 2090 से 2953 तक क्रमबद्ध किया जाता है।

पूर्व प्रकाशित परीक्षाफल को इस हद तक संशोधित समझा जाए।

2.8.21

तिथिः 02 अगस्त, 2021

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना